
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

03 अगस्त 2025


# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

शिक्षा अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना है।

एलन ब्लूम



राकेश कुमार

Teachers of Bihar


The change makers

# दिवस विशेष

3 अगस्त


मधु प्रिया

## मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त



हिंदी के कवि मैथिलीशरण गुप्त का जन्म 3 अगस्त 1886 को झांसी में हुआ। वे खड़ी बोली के पहले कवि माने जाते हैं। पंडित महावीर प्रसाद द्विवेदी जी की प्रेरणा से मैथिलीशरण गुप्त ने खड़ी बोली में कविताएं लिखीं। उन्होंने अपनी कविता के ज़रिए खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में मान्यता दिलाने के लिए बहुत कोशिश की। सिर्फ़ ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य-भाषा के अलावा नये कवियों ने खड़ी बोली में ही कविताएं लिखीं। हिंदी कविता के इतिहास में मैथिलीशरण गुप्त का यह सबसे बड़ा योगदान माना जाता है। मानवीय संबंधों और नैतिक मूल्यों को बचाने की कोशिश गुप्त जी की कविताओं में देखी जा सकती है। गुप्तजी की पहली काव्य रचना 'रंग में भंग' (लघु खण्डकाव्य) 1909 ई. में प्रकाशित हुई थी। गुप्तजी की पहली महत्त्वपूर्ण (प्रसिद्ध) काव्य रचना 'भारत-भारती' 1912 ई. में प्रकाशित हुई थी। उन्होंने बंगाली के काव्य ग्रन्थ 'मेघनाथ वध', 'ब्रजांगना' का अनुवाद भी किया। साल 1914 में राष्ट्रीय भावनाओं से ओत-प्रोत 'भारत भारती' का प्रकाशन किया। जिसके बाद उनकी लोकप्रियता सर्वत्र फैल गई। मैथिली शरण गुप्त द्वारा रचित कविता  जयद्रथवध, साकेत, पंचवटी, सैरन्ध्री, बक संहार, यशोधरा, द्वापर, नहुष, जयभारत, हिडिम्बा, विष्णुप्रिया एवं रत्नावली आदि रचनाएं इसके उदाहरण हैं। मैथिलीशरण गुप्त का 12 दिसंबर 1964 में झांसी में निधन हुआ।

# जयंती विशेष 03 अगस्त




**मैथिलीशरण गुप्त** *Maithili Sharan Gupt*, जन्म- 3 अगस्त, 1886, झाँसी; मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964, झाँसी) खड़ी बोली के प्रथम महत्वपूर्ण कवि थे। महावीर प्रसाद द्विवेदी की प्रेरणा से आपने खड़ी बोली को अपनी रचनाओं का माध्यम बनाया और अपनी कविता के द्वारा खड़ी बोली को एक काव्य-भाषा के रूप में निर्मित करने में अथक प्रयास किया। इस तरह ब्रजभाषा जैसी समृद्ध काव्य भाषा को छोड़कर समय और संदर्भों के अनुकूल होने के कारण नये कवियों ने इसे ही अपनी काव्य-अभिव्यक्ति का माध्यम बनाया। हिन्दी कविता के इतिहास में गुप्त जी का यह सबसे बड़ा योगदान है।

TOB

खेल कॉर्नर




# एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान

| प्लेयर | रन | टेस्ट | खिलाफ | कब |
|---|---|---|---|---|
| शुभमन गिल | 743 | 5 | इंग्लैंड | 2025 |
| सुनील गावस्कर | 732 | 6 | वेस्टइंडीज | 1978 |
| विराट कोहली | 655 | 5 | इंग्लैंड | 2016 |
| विराट कोहली | 610 | 3 | श्रीलंका | 2017 |
| विराट कोहली | 593 | 5 | इंग्लैंड | 2018 |



राकेश कुमार

Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 03.08.2025

## मिश्रित शिक्षण

मिश्रित शिक्षण **(Blended Learning)** एक ऐसा शैक्षिक दृष्टिकोण है जो पारंपरिक कक्षा शिक्षण और ऑनलाइन शिक्षण विधियों को एक साथ जोड़ता है, जिससे छात्रों को अधिक लचीला और प्रभावी शिक्षण अनुभव मिलता है. यह न केवल शिक्षण विधियों का मिश्रण है, बल्कि सीखने के अनुभव को भी समृद्ध करता है।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



**अलास्का की मैटनुस्का घाटी में गर्मियों में 20 घंटे सूरज निकलता है, जिससे यहाँ 62 किलो की पत्ता गोभी, 29 किलो के खरबूजे और 16 किलो के ब्रोकली जैसी बड़ी सब्जियाँ उगती हैं।**

# पद्य पंकज

"


दो वर्तमान का सत्य सरल
सुन्दर भविष्य के सपने दो
हिंदी है भारत की बोली
तो अपने आप पनपने दो।

**गोपाल सिंह नेपाली**

Madhu priya

www.padyapankaj.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
भारतीय शास्त्रीय गायक
पंडित छन्नूलाल मिश्र
जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं।
जन्म- 3 अगस्त 1936
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
मैथिलीशरण गुप्त
जन्म- 3 अगस्त, 1886
मृत्यु- 12 दिसंबर, 1964
हिंदी कविता के इतिहास में मैथिलीशरण गुप्त का बड़ा योगदान माना जाता है। उनके जयंती पर टीचर्स ऑफ बिहार परिवार उनके योगदान को याद करते हुए सादर नमन करता है।
Madhu priya
/teachersofbihar